Title: Need to immediately conduct an investigation into the illegal construction work on a power generation project in Tehri District of Uttranchal.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : अध्यक्ष जी, उत्तरांचल राज्य में सरकार द्वारा टिहरी जिले में फिलैंडा गांव में मिलंगना नदी के ऊपर साढ़े 22 मेगावाट विद्युत उत्पादन परियोजना का काम स्वास्तिक पावर इंजीनियरिंग कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। इसमें आपत्ति यह है कि इसमें वन और पर्यावरण मंत्रालय की स्वीकृति लेना मैनडेटरी था, उसको लिया नहीं गया। इसके अलावा पर्यावरणीय इम्पैक्ट असेसमेंट की प्रक्रिया भी पूरी नहीं की गयी। साथ ही यह भी जानकारी में आ रहा है कि इसमें कोई बहुत प्रभावशाली परिवार जोकि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के निकट है और उन्हीं की कंपनी है, के राजनैतिक दबाव के कारण, सारे रुल्स रैगुलेशन्स को किनारे करके, निर्माण हो रहा है और ग्रामीण लोगों के जंगल, पानी के जो हक-हकूक हैं, उस बारे में सुनवाई नहीं की गयी है। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि इस बारे में तत्काल हस्तक्षेप करे और इस मामले की जांच कराकर, व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई करें।